# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन योग सत्र का आयोजन

दिनांक 18 जून 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस के अवसर पर पंचकर्म ऑडिटोरियम में प्रातः 07:45 बजे से 08:30 बजे तक योग सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागार्जुन बैच (रोल नंबर 51-100) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में श्री जयंत गंगवार, डॉ. वैशाख आर. एवं श्री चंद्रजीत यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. वैशाख आर. ने विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला।

